पंजाब केसरी 19/11/2025

## गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में गीता जयंती के उपलक्ष्य में हुई क्विज प्रतियोगिता

# गीता का ज्ञान जीवन में पथ प्रदर्शक का काम करता है : डॉ. रोहित दत्त

अम्बाला, 18 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के संस्कृत विभाग ने हिन्दी एवं अंग्रेजी विभागों के सहयोग से मंगलवार को गीता जयंती के उपलक्ष्य में क्विज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि गीता का ज्ञान सदैव जीवन में मार्गदर्शक का काम करता है। इस प्रकार के आयोजन छात्रों के बौद्धिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में श्रीमद्भगवद गीता के नैतिक, दार्शनिक और सांस्कृतिक संदेशों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें भारतीय मूल्य प्रणाली और सकारात्मक सोच से जोड़ना था। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, अध्ययन में रुचि, तार्किक सोच तथा टीमवर्क को प्रोत्साहन मिला।



*गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में गीता जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।* (चंद्रमोहन)

कार्यक्रम की संयोजिका प्रियंका बल्दिया ने गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मधुर उच्चारण के साथ भोजन से पूर्व उच्चारित किया जाने वाला प्रेरणादायी श्लोक प्रस्तुत किया, जो अन्न की शुद्धि, मन की शुद्धि तथा कृतज्ञता भाव का संदेश देता है। इस कार्यक्रम में डॉ. रितु गुप्ता, डॉ. अनीश एवं डॉ. अमित ने सहभागिता दिखाई। कार्यक्रम में इस्कॉन स्वयंसेवक चिराग सिंगल और अनुराग रौत मुख्य वक्ता थे, जिन्होंने गीता के द्वितीय अध्याय कर्मयोग पर प्रकाश डाला।

विभागीय शिक्षकों ने भी इस पहल को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए गीता के सार को सरल और रोचक तरीके से समझने का एक सार्थक अवसर सिद्ध हुई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन ने गीता जयंती के महत्व को और अधिक सार्थक बनाया।